# पीएयू लुधियाना में 26 जनवरी समारोह की हुई फुल ड्रेस रिहर्सल






लुधियाना के पीएयू में 26 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर रिहर्सल करते पंजाब पुलिस के जवान और छात्र। -लक्की भट्टी

# 14 लाख खर्च फिर भी सड़कें हुई जलमग्न

## पहली बारिश में डूबी दाना मंडी, मार्किट कमेटी दफ्तर तक पानी, जिम्मेदार कौन?

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



जालंधर बाईपास स्थित दाना मंडी में मार्किट कमेटी के पास करीब 14 लाख रुपए की लागत से बनाई गई सड़क भ्रष्ट व्यवस्था और लापरवाह प्लानिंग की मिसाल बन गई है। बारिश होते ही सड़क पर पानी इस कदर भर जाता है कि आम लोगों, किसानों और व्यापारियों का निकलना मुश्किल हो गया है। हालात इतने बदतर हैं कि बारिश के दौरान मार्किट कमेटी का दफ्तर भी पानी में डूब जाता है, जिससे सरकारी कामकाज तक प्रभावित होता है।

इलाका निवासियों तरुण कुमार, जय देव सिंह, ललित कुमार, तरसेम भरद्वाज का कहना है कि अगर सड़क बनानी ही थी तो पूरी दाना मंडी की एक साथ और सही लेवल पर बननी चाहिए थी। दाना मंडी में पहले से ही सीवरेज जाम की गंभीर समस्या है, लेकिन अधिकारियों ने इन समस्याओं को नजरअंदाज करते हुए केवल दो छोटे हिस्सों में करीब 136 फुट और 118 फुट सड़क बना दी। नतीजा यह हुआ कि सड़क ऊंची हो गई, जबकि आसपास का इलाका नीचा रह गया और बारिश का सारा पानी सड़क पर और आसपास जमा होने लगा।

### बारिश आते ही तालाब में तब्दील होता इलाका

फैक्ट्री मालिक संदीप ने बताया कि बारिश के बाद हालात इतने खराब हो जाते हैं कि कई घंटों तक पानी नहीं उतरता। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, यहां इतना पानी भर जाता है कि किश्तियां भी चल सकती हैं। सरकार ने सड़क नहीं, तालाब बना दिया है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि जलभराव के कारण ग्राहकों का आना-जाना बंद हो जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

### मुख्य रास्ता बना मुसीबत

मोहल्ला निवासी जतिन मल्होत्रा ने बताया कि यह सड़क स्थानीय लोगों का मुख्य आवागमन मार्ग है। सड़क को दो अलग-अलग हिस्सों में बनाने और ड्रेनेज की कोई ठोस व्यवस्था न होने से पानी की निकासी पूरी तरह ठप हो गई है। उन्होंने कहा कि बारिश में बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए निकलना बेहद खतरनाक हो जाता है।

### ड्रेनेज सिस्टम बना शोपीस

स्थानीय निवासी गुरप्रीत सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ साल पहले मार्किट कमेटी के दफ्तर के अंदर ड्रेनेज सिस्टम लगाया गया था, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही और रखरखाव के अभाव में वह अब पूरी तरह बंद पड़ा है। उन्होंने कहा, अगर सड़क बनानी ही थी तो एक ही लेवल की बनाते और साथ में सीवरेज लाइनें, जालियां और ड्रेनेज सिस्टम भी दुरुस्त करते।

### क्या कहते है सचिव



मार्किट कमेटी के सचिव हरिंदर सिंह गिल ने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम को लेकर सिविल विंग को शिकायत भेज दी जाएगी।

### क्या कहते है एक्सईएन-



वहीं सिविल विंग के एक्सईएन जतिन सिंगला ने कहा कि अगर मार्किट कमेटी पूरा मामला बनाकर उन्हें दे और इसे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाए, तो इसका समाधान करवाया जा सकता है।

### सुविधा के नाम पर असुविधा

किसानों और मंडी में आने वाले लोगों का कहना है कि जिस काम से सुविधा मिलनी थी, वही अब बड़ी असुविधा में बदल गया है। जलभराव के कारण अनाज की ढुलाई, खरीद-फरोख्त और मंडी का रोजमर्रा का कामकाज प्रभावित हो रहा है। लोगों का आरोप है कि काम शुरू करने से पहले न तो सही सर्वे किया गया और न ही भविष्य की बारिश और सीवरेज व्यवस्था को ध्यान में रखा गया।

### समर एक्सप्रेस की खबर के बाद

# लुधियाना नगर निगम की दिखावे वाली कार्रवाई

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में अवैध निर्माण के मामले पर समर एक्सप्रेस द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित रिपोर्ट के बाद नगर निगम सक्रिय हुआ। लेकिन कार्रवाई आधी-अधूरी और सवालों के घेरे में नजर आ रही है। ज़ोन-ए में एटीपी गुरविंदर पाल सिंह (लक्की) की ओर बताया गया कुछ अवैध इमारतों को सील किया गया और अन्य शिकायतों की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

हालांकि, ज़ोन-ए के सेंट्रल हल्के में स्थिति जस की तस बनी हुई है। सूत्रों के मुताबिक, ज़ोन-ए सेंट्रल हल्के में एक तीन मंजिला इमारत, जिसका निर्माण कल तक अधूरा था, आज खुलेआम तेजी से बन रही है। इससे निगम की कार्रवाई की निष्पक्षता और गंभीरता पर सवाल उठ रहे हैं।



समर एक्सप्रेस
epaper.summerexpress.in
24 Jan 2026 - Page 8

**नगर निगम के 'लाड़ले' एटीपी के संरक्षण में पल रहा अवैध निर्माण का सिंडिकेट**

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में अवैध निर्माण अब चोरी-छिपे नहीं, बल्कि खुलेआम हो रहा है। नगर निगम के ज़ोन ए और ज़ोन बी में अवैध कॉलोनियों और अवैध इमारतों की बाढ़ आई हुई है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ दिखावा किया जा रहा है। सूत्रों का आरोप है कि इस पूरे खेल के पीछे नगर निगम के कुछ 'लाड़ले' असिस्टेंट टाउन प्लानर (एटीपी) हैं, जिनकी शह पर बिल्डर और कॉलोनाइज़र बेखौफ होकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

ज़ोन ए के अंतर्गत आने वाले पीरू बंदा मोहल्ले में अवैध कॉलोनी काटे जाने का मामला इसकी बानगी भर है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जब इसकी शिकायत नगर निगम कमिश्नर तक पहुंची, तो निगम की ओर से त्वरित कार्रवाई का दिखावा किया गया। एक दिन के लिए जेसीबी भेजी गई, कॉलोनी के बाहर नोटिस चिपकाया गया और मीडिया के सामने कार्रवाई का नाटक किया गया। फोटोशूट हुआ, खबरें छपीं, लेकिन अगले ही दिन अवैध निर्माण का काम फिर से शुरू हो गया।

सूत्रों का कहना है कि राजनीतिक रसूख रखने वाले कॉलोनाइज़र के सामने निगम के अधिकारी बेबस नजर आए। इससे यह सवाल उठता है कि क्या नगर निगम की कार्रवाई सिर्फ कागजों और कैमरों तक सीमित रह गई है?

गांधी नगर इलाके में टी.पी. मोहल्ले की स्कीम का हवाला देकर 3 से 4 मंजिला कमर्शियल बिल्डिंगें खड़ी की जा रही हैं। इसी तरह वार्ड नंबर 2 के सन्यास नगर, गोविंदपुरा, नेहरू विहार, जालंधर बाइपास, कैलाश चौक, नूरवाला रोड और राहों रोड में अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं और नियमों को ताक पर रखकर दुकानों व कमर्शियल इमारतों का निर्माण हो रहा है।

सूत्र बताते हैं कि इस पूरे खेल में नक्शों, फीस और चालानों में भारी हेरफेर किया जा रहा है। कागजों में एक या दो मंजिल की मंजूरी दिखाई जाती है, जबकि मौके पर तीन से चार मंजिल तक निर्माण कर लिया जाता है। इससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है और शहर की टाउन प्लानिंग पूरी तरह चरमरा गई है। ज़ोन बी में जोधेवाल बस्ती और सुंदर नगर जैसे इलाकों में रिहायशी क्षेत्रों में फैक्ट्रियां और दुकानें बनाई जा रही हैं। नियमों के अनुसार इन इलाकों में इस तरह का निर्माण प्रतिबंधित है, लेकिन नगर निगम की चुप्पी कई गंभीर सवाल खड़े करती है।

सूत्रों का यह भी आरोप है कि कुछ टाउन प्लानर खुद अवैध निर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं और बिल्डरों के लिए सलाहकार की भूमिका निभा रहे हैं। यही वजह है कि अवैध निर्माण करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

**एडिशनल कमिश्नर ने कहा-**
इस संबंध में जब नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर परमदीप सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने यह कहकर फोन काट दिया कि वह मीटिंग में बैठे हैं। इसके बाद उनसे दोबारा संपर्क नहीं हो सका।

खबर की कटिंग। -समर न्यूज़

### पहले क्या उजागर हुआ था?

समर एक्सप्रेस की रिपोर्ट में खुलासा किया गया था कि ज़ोन-ए और ज़ोन-ए के सेंट्रल हल्के में अवैध कॉलोनियां और इमारतें तेजी से बनाई जा रही हैं। आरोप था कि नगर निगम के कुछ 'लाड़ले' असिस्टेंट टाउन प्लानर (एटीपी) की शह पर बिल्डर और कॉलोनाइज़र नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं।

पीरू बंदा मोहल्ला, गांधी नगर, सन्यास नगर, गोविंदपुरा, नेहरू विहार, जालंधर बाइपास, कैलाश चौक, नूरवाला रोड और राहों रोड जैसे इलाकों में अवैध निर्माण के मामले सामने आए थे। कई जगह कागजों में एक-दो मंजिल की मंजूरी दिखाकर मौके पर तीन-चार मंजिला इमारतें खड़ी कर दी गईं, जिससे सरकार को करोड़ों के राजस्व नुकसान का सामना करना पड़ा।

### लुधियाना में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# हथियारों व नशे के साथ कई गिरफ्तार

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध हथियार, नशा तस्करी और सट्टेबाजी के मामलों में कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी मामलों में आगे की जांच जारी है।

**▪ मेगा फूड चौक के पास पिस्टल व कारतूस के साथ दो युवक काबू-**
स्पेशल सेल के पुलिस अधिकारी राजकुमार ने बताया कि मेगा फूड चौक लाडोवाल के पास शक के आधार पर दो युवकों को रोका गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 32 बोर की एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपियों की पहचान गुरविंदर सिंह गिल निवासी लुधियाना और इंदर शर्मा निवासी प्रेम नगर, लुधियाना के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके तीसरे साथी प्रिंस मेहता को भी नामजद किया है।

**▪ लाडोवाल थाना क्षेत्र में महिला नशा तस्कर गिरफ्तार-**
थाना लाडोवाल के पुलिस अधिकारी दलबीर सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान ख्वाजा पीर बाबा स्थान के पास एक महिला को शक के आधार पर चेक किया गया। तलाशी में उसके कब्जे से 22 ग्राम हीरोइन बरामद हुई। आरोपी महिला की पहचान मनजीत कौर निवासी तलवंडी कलां, लुधियाना के रूप में हुई है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

**▪ सलेम टाबरी में तीन आरोपी काबू, 10 ग्राम हीरोइन बरामद-**
थाना सलेम टाबरी के अधीन मेट्रो मॉल के पास खाली प्लॉट में जांच अधिकारी कश्मीरा सिंह ने तीन लोगों की तलाशी ली। उनके पास से 10 ग्राम हीरोइन और एक इलेक्ट्रॉनिक कंडा बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान दविंदर सिंह, महेंद्र सिंह और मासूम राजा, तीनों निवासी लुधियाना के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**▪ जोधेवाल बस्ती में 40 ग्राम हीरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार-**
थाना जोधेवाल बस्ती क्षेत्र के अंतर्गत काकोवाल रोड स्थित सरकारी स्कूल के पास एक व्यक्ति को शक के आधार पर रोका गया। जांच अधिकारी हवलदार गुरप्रीत सिंह ने बताया कि आरोपी से 40 ग्राम हीरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान रमन कुमार पुत्र परविंदर लाल निवासी फिल्लौर के रूप में हुई है।

**▪ दरेसी में नशीली गोलियों के साथ दो तस्कर पकड़े-**
थाना दरेसी के अंतर्गत दौलत कॉलोनी मेन रोड पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने दो लोगों को ग्राहकों का इंतजार करते हुए पकड़ा। तलाशी में उनके पास से 20 नशीली गोलियां बरामद हुईं। आरोपियों की पहचान कर्मजीत सिंह निवासी बस्ती मणि सिंह और कारण जांगड़ा निवासी विश्वकर्मा कॉलोनी, लुधियाना के रूप में हुई है। दरेसी इलाके में दड़ा **सट्टा लगवाते दो आरोपी काबू-**
जांच अधिकारी हरपाल सिंह ने बताया रमेश कुमार और संतोष जायसवाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी चौक में खड़े होकर ऊंची आवाज में सट्टा लगवा रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से 3000 नकद बरामद किए हैं। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# सीएम सेहत योजना के पंजीकरण की शुरुआत

समर न्यूज़ | लुधियाना

विधायक चौ. मदन लाल बग्गा ने विधानसभा उतरी में मुख्यमंत्री सेहत योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के पंजीकरण की शुरुआत की। वार्ड-94 स्थित न्यू जनकपुरी में आयोजित समारोह के दौरान विधायक बग्गा ने रजिस्ट्रेशन शुरु करवा कर स्थानीय लोगो को एप्वायटमैंट रसीद उपलब्ध करवाई। यूथ वालंटियर घर-घर जाकर एप्वायटमैंट बुक करेंगे। एप्वायटमैंट मिलने के उपरांत सीएसी सैंटर में 10 लाख रुपये इलाज का कैशलैस कार्ड बनेगा। विधानसभा उतरी के हर वार्ड में 5-5 सीएसी सैंटर खोले गए हैं। विधायक बग्गा ने जन कल्याणकारी मुख्यमंत्री सेहत योजना का जिक्र करते हुए कहा पंजाब देश के साथ-साथ विश्व का पहला राज्य है जिसमें हर नागरिक को आम आदमी सरकार के शासनकाल में मुफ्त इलाज मिलेगा। कैशलैस इलाज योजना में 850 से अधिक सरकारी व निजी अस्पताल सूचीबद्ध कर 2,356 से अधिक इलाज पैकेज शामिल किए गए हैं।

# महाशिवरात्रि को राज्य स्तर पर मनाए सरकार: बिट्टू



लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

शिव वेलफेयर सोसाइटी द्वारा लुधियाना में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सोसाइटी के प्रधान बिट्टू गुंबर ने आगामी 15 फरवरी को आने वाले महाशिवरात्रि पर्व को राज्य स्तर पर मनाने की जोरदार मांग उठाई।

बिट्टू गुंबर ने कहा कि महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का अत्यंत पवित्र एवं आस्था से जुड़ा हुआ पर्व है, जिसे पूरे देश में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। उन्होंने पंजाब सरकार से अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार अन्य धार्मिक पर्वों को राज्य स्तर पर मनाया जाता है, उसी प्रकार महाशिवरात्रि को भी सरकारी तौर पर राज्य स्तर पर मनाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि पंजाब सरकार महाशिवरात्रि को राज्य स्तर पर मनाती है तो इससे प्रदेश के हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं का सम्मान होगा और समाज में आपसी सौहार्द व भाईचारे को मजबूती मिलेगी। बिट्टू गुंबर ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। पंजाब में बड़ी संख्या में शिव भक्त निवास करते हैं, इसलिए इस पावन पर्व को राज्य स्तर पर मनाया जाना आवश्यक है।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर सरकारी स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे समाज में धार्मिक समरसता बनी रहे और प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को भी बल मिले।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भी इस मांग का समर्थन किया और सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। इस अवसर पर शिव वेलफेयर सोसाइटी के कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे, जिनमें कांग्रेस नेता पवन दीवान,इंद्रजीत टोनी,गौरव भगत,जश्नप्रीत सिंह,साहिल,अजय भगत, मनदीप सिंह आदि शामिल थे।

**राहत** — क्रेडिट कार्ड लॉन्च और सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

# नगर निगम ने आयोजित किया पीएम स्वनिधि ड्राइव

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़




स्ट्रीट वेंडर्स के कल्याण और सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम लुधियाना ने शुक्रवार को जोन-सी गिल रोड कार्यालय में पीएम स्वनिधि ड्राइव का सफल आयोजन किया। इस विशेष कैंप में शहर भर से बड़ी संख्या में रेहड़ी-फड़ी व स्ट्रीट वेंडर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कैंप के दौरान पीएम स्वनिधि 2.0 योजना के तहत लोन स्वीकृति, लोन वितरण और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए क्रेडिट कार्ड लॉन्च जैसी सेवाएं मौके पर ही उपलब्ध करवाई गईं। इसके साथ ही वेंडर्स को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, ताकि वे आसानी से इनका लाभ उठा सकें।

इस अवसर पर एमसी के जॉइंट कमिश्नर विनीत कुमार, जोनल कमिश्नर गुरपाल सिंह, पीएम स्वनिधि के स्टेट मिशन मैनेजर संदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। लीड बैंक की टीम का नेतृत्व गुरदीप सिंह ने किया।

जॉइंट कमिश्नर विनीत कुमार ने कहा कि सरकार की योजनाओं के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स का समावेशी विकास सुनिश्चित करना नगर निगम की प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि इस तरह के कैंप वेंडर्स तक सेवाएं सीधे पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं, ताकि कोई भी पात्र स्ट्रीट वेंडर योजना के लाभ से वंचित न रहे।

वहीं असिस्टेंट कमिश्नर गुरपाल सिंह ने कहा कि नगर निगम पारदर्शी प्रशासन और डिजिटल सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत है। इस ड्राइव के जरिए वेंडर्स को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

कैंप में नगर निगम अधिकारियों, बैंकों और स्ट्रीट वेंडर्स के बीच सीधा संवाद देखने को मिला। वेंडर्स की समस्याओं और सवालों का मौके पर ही समाधान किया गया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में भी इस तरह के और कैंप आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को योजनाओं का लाभ मिल सके।

# फोर्टिस अस्पताल ने दुनिया के सबसे एडवांस्ड रोबोटिक सर्जरी सिस्टम में से एक की शुरुआत

समर न्यूज़ | लुधियाना




लुधियाना स्थित फोर्टिस अस्पताल ने एसएसआई मंत्रा रोबोटिक सर्जरी सिस्टम की शुरुआत कर अपने अत्याधुनिक सर्जिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत किया है। इसे दुनिया के सबसे उन्नत और बहुपयोगी रोबोटिक प्लेटफॉर्म में से एक माना जा रहा है, जो मरीजों को बेहद सटीक और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी का लाभ देगा। नेक्स्ट-जेनरेशन मल्टी-आर्म और मॉड्यूलर डिज़ाइन वाला यह सिस्टम एडवांस्ड 3डी एचडी विज़न से लैस है, जिससे सर्जन अधिक स्पष्टता और नियंत्रण के साथ जटिल प्रक्रियाएं कर सकते हैं। यह जनरल सर्जरी, ऑन्कोलॉजी, बेरिएट्रिक, न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, ईएनटी, यूरोलॉजी, गायनोकोलॉजी और हेड-एंड-नेक कैंसर जैसी कई विशेषताओं में इस्तेमाल किया जा सकेगा। रोबोट-असिस्टेड तकनीक से छोटे चीरे, कम रक्तस्राव, कम दर्द और तेज रिकवरी संभव होती है, जिससे मरीज जल्दी सामान्य जीवन में लौट पाते हैं। फोर्टिस हॉस्पिटल, लुधियाना के फैसिलिटी डायरेक्टर सनवीर सिंह भांबरा ने कहा कि यह तकनीक चुनौतीपूर्ण मामलों में बेहतर परिणाम और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। वहीं, पंजाब के बिज़नेस हेड आशीष भाटिया ने बताया कि नेटवर्क में 17वां रोबोटिक सिस्टम जुड़ने से फोर्टिस देश के सबसे बड़े रोबोटिक सर्जरी कार्यक्रमों में अपनी स्थिति और मजबूत कर रहा है। अब तक 10,000 से अधिक रोबोटिक सर्जरी कर चुके फोर्टिस नेटवर्क का लक्ष्य पंजाब समेत देशभर में विश्वस्तरीय, सुलभ और सुरक्षित सर्जिकल देखभाल उपलब्ध कराना है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 141